(b) and (c) The Interim Report of the Jain Commission of Inquiry has already been placed before the Parliament on 20.11.1997.

1984 के दंगा पीड़ित लोगों के आश्रितों का पुनर्वास

836. **श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने 1984 के दंगों में देशभर में मारे गये सिखों के समस्त आश्रितों का पुनर्वास सुनिश्चित किया है;

(ख) यदि हां, तो उसका राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने मारे गये सभी सिखों के आश्रितों को दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेशानुसार साढ़े तीन लाख रूपये के हिसाब से मुआवजा दिया है;

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ङ) सरकार देश में 1984 के दंगों में मारे गये सिखों के आश्रितों को दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित की गई मुआवज़ा राशि देने के लिए क्या कार्रवाई कर रही है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मोहम्मद मकबूल डार): (क) से (ङ) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

दिल्ली पुलिस में अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों की तैनाती

837. **श्री मूल चन्द मीणा:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली पुलिस में अनुसूचित जनजाति के कुल कितने पुलिस उपायुक्त/सहायक पुलिस आयुक्त और थानाध्यक्ष तैनात हैं;

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान उन्हें किन-किन स्थानों पर तैनात किया गया है; और

(ग) क्या अनुसूचित जनजाति के अधिकारियों को जिलों अथवा पुलिस थानों में तैनात नहीं किया गया है; और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मोहम्मद मकबूल डार): (क) और (ख) इस समय अनुसूचित जनजाति के 7 पुलिस उपायुक्त/अपर पुलिस उपायुक्त, 18 सहायक पुलिस आयुक्त और 4 स्टेशन हाउस आफीसर अतिरिक्त स्टेशन हाउस आफीसर दिल्ली पुलिस में तैनात हैं। केवल दो मामलों को छोड़कर, जहां अधिकारी दिल्ली के बाहर विभिन्न क्षमताओं में पदावधि पर थे, शेष सभी पिछले पांच वर्षों के दौरान दिल्ली में तैनात रहे थे।

(ग) जी नहीं, श्रीमान्।

दिल्ली पुलिस की तैनातियों में भारी भ्रष्टाचार

838. **श्री मुलचन्द मीणा:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिल्ली पुलिस में थानों व जिलों में तैनाती करते समय भ्रष्टाचार किया जाता है;

(ख) क्या दिल्ली पुलिस के थानों में भ्रष्ट तरीकों से करोड़ों रुपए एकत्रित कर के प्रतिमास पुलिस आयुक्त को दिए जाते हैं; यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार इन आरोपों की जांच करवायेगी ताकि सत्य सामने आ सके?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मोहम्मद मकबूल डार): (क) से (ग) इस बात का विश्वास करने के लिए कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है कि दिल्ली के थानों अथवा जिलों में पुलिस कर्मचारियों को तैनात करने में किसी प्रकार का भ्रष्टाचार व्याप्त है।

Status of Assam Accord

839.SHRI PARAG CHALIHA: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state the dtails of the latest status on different items of Assam Accord and presents Prime Minister's announcements on development of North-Eastern Region?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI MOHD. MAQBOOL DAR): Most of the Clauses of the Assam Accord stand implemented, the details of which are given in the attahced Annexure. [*See Appendix 182 annexure No. 17*]

The information regarding status of Prime Minister's announcements on development of North-Eastern Region is being collected and will be laid on the Table of the House.

सीमा सुरक्षा बल की घटती कार्यक्षमता

840. **श्री राम जेठमलानी:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सीमा सुरक्षा बल को 280 किलोमीटर लम्बी भारत पाक सीमा पर चौकसी करने के